एक नजर में

खजराना में सौ बिस्तर का अस्पताल मंजूर

इंदौर. अमर शहीद सआदत खां भागीरथ सिलावट मेमोरियल सोसायटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद इकबाल खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में उप मुख्यमंत्री एवं स्वस्थ मंत्री राजेंद्र शुक्ला से मुलाकात की. सोसायटी के सचिव आसिफ खान ने बताया कि उप मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि खजराना क्षेत्र के नागरिकों ने सौ बिस्तर के अस्पताल की मांग की थी. 23 जून 2020 को प्रस्तावित अस्पताल के लिए स्वीकृति प्रदान की थी. इसके बावजूद छह वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका. सोसायटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद इकबाल खान ने बताया कि खजराना क्षेत्र में अस्पताल बनने से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी. विधायक महेंद्र हार्डिया, मंत्री तुलसीराम सिलावट के विशेष आग्रह पर खजराना में 100 बिस्तर अस्पताल की मंजूरी दी गई. भोपाल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर 100 बिस्तर के अस्पताल की चिन्हित भूमि का कब्जा स्वास्थ्य मंत्रालय ने ले लिया है. आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा. प्रतिनिधिमंडल में रेहान खान, इमरान खोकर, अनवर खान एवं शाहिद अली सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

परिचय दर्पण का किया विमोचन

इंदौर. श्री श्वेतांबर जैन परिवार महालक्ष्मीनगर इंदौर की बुकलेट दर्पण का विमोचन प्रेस्टीज परिसर मे महासती कुमुदलताजी के सानिध्य मे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने किया. इस अवसर पर विमोचन के लिए महालक्ष्मी नगर संघ के अध्यक्ष भगवती लाल भटेवरा, रमेशजी भंडारी, अचल चौधरी, डिपीन जैन, प्रकाश भटेवरा, रितेश कटकानी, जिनेश्वर जैन, हेमंत बोहरा, अशोकसुराना महालक्ष्मीनगर से मौजूद थे. इस परिचय दर्पण बुकलेट में महालक्ष्मी नगर परिवारों का परिचय के साथ पूरी जानकारी दर्ज है ताकि साधु साध्वी महाराज को गोचरी, पानी वगैरह की सेवा आसानी से होगी. साथ ही कोई भी संघ की सूचना और जानकारी तत्काल मिल सकेगी.

समाज सेवा पर परमालिया का नागरिक अभिनंदन

इंदौर. सेवा और समर्पण का यदि कोई सटीक उदाहरण पेश करना हो तो समाजसेवी मदन परमालिया का नाम ही सामने आएगा. आज समाज सेवा के क्षेत्र में परमालिया ने जितना काम किया है, वह कई लोग कई जन्म लेकर भी नहीं कर पाते हैं. आज मदन के नागरिक अभिनंदन समारोह में जो समाज की गंगा अवतरित हुई है, उसमें नर्मदा और शिप्रा के जल से मैं भी परमालिया का अभिषेक करने आया हूं. यह बात राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन ने कही. वे श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा आयोजित आत्मीयता से भरपूर समाजसेवी मदन परमालिया के नागरिक अभिनंदन समारोह में अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे. समारोह में पद्मश्री भैरव सिंह चौहान, पद्मश्री जगदीश जोशीला, लेफ्टिनेंट कर्नल सुरेन्द्र सिंह कारगिल, चिंतामण परसाई, इंटक अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, कांग्रेस नेत्री अर्चना जायसवाल, ईश्वर झामनानी, प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम, उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि मदन भाई ने समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में समर्पण और श्रद्धा से जो कार्य किया है, वह बेमिसाल है. ट्रस्ट के विनोद सत्यनारायण पटेल ने बताया कि समारोह विद्यासागर स्कूल ऑडिटोरियम में हुआ. इसमें अतिथियों ने शॉल, श्री फल, अभिनंदन पत्र भेंट कर उनके सेवा और समर्पण पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की. आभार कलोता समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधे श्याम पटेल ने माना.

सेवा अभियान के तहत नेत्र जांच शिविर किए जाएंगे आयोजित

इंदौर. समाज के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से 35वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रोहित आई हॉस्पिटल 14 जुलाई से 15 अगस्त तक एक महीने का विशेष 35वीं वर्षगांठ सेवा अभियान आयोजित करने जा रहा है. इसके अंतर्गत आम जनता के लिए विशेष रियायती दरों पर परामर्श और नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे. रोहित आई हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. ओ.पी. अग्रवाल ने कहा रोहित आई हॉस्पिटल के लिए 14 जुलाई का दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि हमारे 35 वर्षों के अथक परिश्रम, मरीजों के अटूट विश्वास और सेवा की निरंतरता का एक जीवंत दस्तावेज है. 1991 में जब हमने एक छोटे से संकल्प के साथ शुरुआत की थी, तब हमारे सामने लक्ष्य स्पष्ट था हर आंख को स्पष्ट दृष्टि देना और समाज के हर वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा पहुंचाना. आज गर्व की अनुभूति होती है कि हम हजारों परिवारों के जीवन में रोशनी ला सके. इस अवसर पर अस्पताल परिसर में एक सादे और गरिमापूर्ण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें केक काटकर अस्पताल के शानदार सफर को याद किया गया. इस ऐतिहासिक दिन डॉ. अग्रवाल के सुपुत्र डॉ. रक्षित अग्रवाल ने अस्पताल में नए कॉर्निया क्लिनिक की शुरुआत की. इस अत्याधुनिक क्लिनिक का उद्घाटन डॉ. विद्या अग्रवाल, डायरेक्टर रोहित आई हॉस्पिटल हाथों संपन्न हुआ. डॉ. अग्रवाल ने आगे कहा चिकित्सा विज्ञान लगातार बदल रहा है और आधुनिक तकनीकों का समावेश आज की सबसे बड़ी जरूरत है.

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक सम्पन्न

इंदौर. भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, इंदौर में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, इंदौर महानगर की कामकाजी बैठक संभाग प्रभारी भगवती प्रसाद शिंदे, ओमप्रकाश मोहने, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री नितेश नरवले, इंदौर जिला प्रभारी एवं उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा इंदौर अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई. बैठक को संबोधित करते हुए उज्जैन महापौर व इंदौर नगर प्रभारी मुकेश टटवाल ने कहा कि कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार की योजनाओं को बस्तियों में पहुंचाकर मोर्चा के विस्तार में जुट जाए. संभाग प्रभारी भगवती प्रसाद शिंदे ने कहा कि कॉग्रेस नेता राहुल गांधी संविधान की प्रति जेब में लेकर घूमते है, लेकिन उनके परिवार और पार्टी ने कभी भी संविधान का निर्माण करने वाले बाबा साहब का सम्मान नहीं किया. नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने कहा कार्यकर्ता बस्तियों में जाकर बाबा साहब के प्रति कॉग्रेस द्वारा किए गए अपमानजनक व्यवहार को बता कर कॉग्रेस के चाल चरित्र और चेहरे को उजागर करें. इस अवसर पर पार्षद राकेश सोलंकी, भरत खस, महेश वर्मा, कालू चौहान, धनलाल सोलंकी, अजय मालवीय, कृष्ण मालवीय, चन्दन डागर, प्रहलाद चौहान सहित भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा इंदौर महानगर के समस्त वरिष्ठजन एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

शक्ति साधना व तांत्रिक उपासना का विशेष पर्व आषाढ़ गुप्त नवरात्रि आज से

नवभारत न्यूज़

इंदौर. आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि का शुभारंभ 15 जुलाई से हो रहा है. नौ दिनों तक चलने वाले इस विशेष पर्व का समापन 23 जुलाई को होगा. हिंदू धर्म में वर्षभर चार नवरात्रियां मनाई जाती हैं, जिनमें चैत्र और शारदीय नवरात्रि सार्वजनिक रूप से प्रसिद्ध हैं, जबकि आषाढ़ और माघ मास की नवरात्रि को गुप्त नवरात्रि कहा जाता है. यह नवरात्रि विशेष रूप से साधकों, तांत्रिक उपासकों, योगियों और शक्ति आराधकों के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है.

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस वर्ष गुप्त नवरात्रि का आरंभ शुभ तिथि और नक्षत्र संयोग में हो रहा है. प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होकर नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना की जाएगी. इस दौरान साधक विशेष मंत्र-जप, हवन, यज्ञ, तंत्र साधना और देवी उपासना के माध्यम से सिद्धियों एवं आध्यात्मिक उन्नति की कामना करते हैं.

क्या है गुप्त नवरात्रि की मान्यता

धार्मिक मान्यता है कि गुप्त नवरात्रि में की गई देवी उपासना शीघ्र फलदायी होती है. तंत्र साधना, शक्ति साधना और विशेष मंत्रों की सिद्धि के लिए यह समय अत्यंत शुभ माना जाता है. इसी कारण देशभर के सिद्धपीठों और शक्तिपीठों में इन नौ दिनों के दौरान विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं.

प्रमुख तिथियां और कलश स्थापना

- घटस्थापना (कलश स्थापना) का समय 15 जुलाई को प्रात: 5.40 से 8.30 के बीच
- प्रतिपदा तिथि (प्रारंभ)- 15 जुलाई
- नवमी तिथि (समापन)- 23 जुलाई

शक्ति मंदिरों में विशेष आयोजन- गुप्त नवरात्रि को लेकर इंदौर के प्रमुख देवी मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. बिजासन माता मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, विजयनगर काली मंदिर, एयरपोर्ट रोड स्थित मां काली मंदिर, तथा खजराना क्षेत्र के सिद्ध काली मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे.

विशेष पूजा-अर्चना व हवन का आयोजन

बिजासन माता मंदिर के पुजारी **सतीश वैन** ने बताया कि बिजासन माता का मंदिर सिद्ध शक्तिपीठ के रूप में प्रसिद्ध है. गुप्त नवरात्रि में यहां विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया जाता है. सामान्य नवरात्रियों की तुलना में यहां श्रद्धालुओं की संख्या कम रहती है, लेकिन साधना और विशेष अनुष्ठान करने वाले भक्त बड़ी संख्या में पहुंचते हैं.

साधकों के लिए विशेष महत्व- अन्नपूर्णा मंदिर के **पुजारी टीकाराम** शास्त्री के अनुसार वर्ष की चार नवरात्रियों में गुप्त नवरात्रि का अपना अलग महत्व है. इसकी जानकारी सामान्य गृहस्थों को अपेक्षाकृत कम होती है, इसलिए इस दौरान मंदिरों में भीड़ कम रहती है. उन्होंने बताया कि यह नवरात्रि विशेष रूप से साधकों, उपासकों और शक्ति साधना करने वालों के लिए मानी जाती है. तंत्र-मंत्र, योग साधना, जप, तप और हवन के माध्यम से देवी की आराधना कर साधक आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त करने का प्रयास करते हैं.

अवैध कचरा डंप करने पर 50 हजार रुपए का स्पॉट फाइन

नवभारत न्यूज

इंदौर. शहर में कचरा एवं गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है. इसी क्रम में सुपर कॉरिडोर पर पाटीदार पाइप्स कंपनी द्वारा अवैध रूप से कचरा डंप करने की शिकायत मिली थी. मौके पर साक्ष्य अनुसार सीएसआई इंडस्ट्रियल एरिया सतेंद्र सिंह तोमर एवं सीएसआई मोहित पवार की टीम ने पाटीदार पाइप्स कंपनी, अवंतिका नगर का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उक्त कंपनी द्वारा अवैध रूप से कचरा डंप किया जा रहा है. निगम अधिकारियों ने कंपनी पर 50,000 रुपए का स्पॉट फाइन किया.

एसजीएसआईटीएस को मिले दो पिकलबॉल कोर्ट और अत्याधुनिक शोध उपकरण

नवभारत न्यूज़

इंदौर. श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान एसजीएसआईटीएस के एल्यूमनी एसोसिएशन ने संस्थान को दो आधुनिक पिकलबॉल कोर्ट और सिविल इंजीनियरिंग एवं अनुप्रयुक्त यांत्रिकी विभाग के लिए छह लाख रुपये से अधिक मूल्य के अत्याधुनिक अनुसंधान एवं सामग्री परीक्षण उपकरण भेंट किए हैं.

एल्यूमनी एसोसिएशन द्वारा दिए गए उपकरणों में कंक्रीट वाटर परमीएबिलिटी अपरेटस, रैपिड क्लोराइड परमीएबिलिटी टेस्ट आरसीपीटी अपरेटस और डिजिटल थिकनेस गेज शामिल हैं. इन उपकरणों से कंक्रीट सामग्री अनुसंधान, गुणवत्ता परीक्षण, औद्योगिक परामर्श और विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण को मजबूती मिलेगी. साथ ही, सरकारी विभागों और निजी निर्माण एजेंसियों को तकनीकी परीक्षण एवं परामर्श सेवाएं देने में भी संस्थान सक्षम होगा. संस्थान परिसर में बनाए गए दो पिकलबॉल कोर्ट विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों के लिए खेल सुविधाओं का विस्तार करेंगे तथा स्वस्थ परिसर संस्कृति को बढ़ावा देंगे. एसजीएसआईटीएस के निदेशक प्रो. नीतेश पुरोहित ने कहा कि पूर्व छात्र संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी हैं और उनका यह योगदान केवल अधोसंरचना विकास नहीं, बल्कि संस्थान के प्रति उनके भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है.

ऋण चुकाने का सार्थक प्रयास

एल्यूमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष इंजी. डी.एल. गोयल ने कहा कि संस्थान से मिले ज्ञान और संस्कारों का ऋण चुकाने की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक, अनुसंधान और खेल सुविधाएं मिल सकेंगी.

मानद सचिव इंजी. (डॉ.) गिरीश गुप्ता ने बताया कि एल्यूमनी एसोसिएशन भविष्य में भी प्रयोगशाला आधुनिकीकरण, छात्रवृत्ति, स्टार्टअप और उद्योग-संस्थान सहयोग जैसी परियोजनाओं में योगदान बढ़ाएगा.

कंपनियों ने साझा किए नवाचार और अनुसंधान के अवसर

बेंगलुरु में आईआईटी इंदौर की छठी उद्योग बैठक

इंदौर. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर ने उद्योग-शैक्षणिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से बेंगलुरु में छठी उद्योग बैठक (सीआईसी-सीएसआर) का आयोजन किया. इंदौर और नई दिल्ली में आयोजित पांच सफल बैठकों के बाद हुए इस कार्यक्रम में बेंगलुरु एवं आसपास के क्षेत्रों की 28 प्रमुख औद्योगिक इकाइयों के करीब 50 वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया. इनमें वोल्वो आयशर, बीएचईएल, बीईएमएल, केन्स टेक्नोलॉजी, विन्यास इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज और जी.जी. ट्रॉनिक्स जैसी कंपनियां शामिल रहीं. जी.जी. ट्रॉनिक्स के सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक एन. मंजूनाथ विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देना, अनुसंधान एवं नवाचार के नए अवसरों की पहचान करना तथा उद्योगों की तकनीकी चुनौतियों के समाधान के लिए संयुक्त प्रयासों को प्रोत्साहित करना था. आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास एस. जोशी ने संस्थान की अनुसंधान क्षमताओं और उद्योग सहयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला. उन्होंने भारत सरकार के एक लाख करोड़ रुपये के अनुसंधान, विकास एवं नवाचार (आरडीआई) फंड की जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना 50-50 सह-वित्तपोषण मॉडल पर आधारित है, जिससे संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा. तकनीकी सत्रों में बीएचईएल और बीईएमएल के प्रतिनिधियों ने हाई-स्पीड रेल तकनीक एवं सुरक्षा प्रणालियों पर अपने अनुभव साझा किए, जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की चुनौतियों और संभावनाओं पर भी चर्चा हुई. पैनल चर्चा में एचपीसीएल आरएंडडी, टोयोटा किर्लोस्कर, वोल्वो बस, निप्पॉन कोएई मोबिलिटी और लोटस वायरलेस टेक्नोलॉजीज के अधिकारियों ने भाग लेते हुए उद्योग-अकादमिक सहयोग, नवाचार आधारित विकास और अनुसंधान के व्यावहारिक उपयोग पर विचार रखे.

राष्ट्रीय मिनीगोल्फ प्रतियोगिता में कशिश ने जीता स्वर्ण पदक

इंदौर. विद्यासागर महाविद्यालय की बी.पी.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा कशिश शर्मा ने राष्ट्रीय खेल पटल पर एक बार फिर इंदौर और मध्यप्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है. छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुई 11वीं सीनियर राष्ट्रीय मिनीगोल्फ प्रतियोगिता में कशिश ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है.

बीते 25 से 30 जून तक रायपुर में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर की 25 प्रमुख टीमों ने भाग लिया था. इंदौर की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कशिश शर्मा ने अत्यंत चुनौतीपूर्ण मुकाबले में बेहतरीन तकनीक का प्रदर्शन किया. उनकी सूझबूझ और सटीक शॉट चयन के दम पर मध्यप्रदेश की टीम ने मिक्स डबल्स स्पर्धा में प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक) प्राप्त कर खिताबी जीत दर्ज की। वहीं, टीम ने ओवरऑल चैंपियनशिप में तृतीय स्थान प्राप्त कर पदक तालिका में अपनी जगह पक्की की. कशिश शर्मा का मंगलवार को

महाविद्यालय परिसर में भव्य स्वागत किया गया. कार्यक्रम में कशिश की सफलता का जश्न मनाया गया. इस उपलब्धि पर विद्यासागर महाविद्यालय के चेयरमैन सत्यनारायण पटेल एवं प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार तिवारी ने कशिश को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी. प्राचार्य डॉ. तिवारी ने कहा, कशिश की यह सफलता केवल महाविद्यालय के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय है.

नौ रसों की की विभिन्न भाव-भंगिमाओं से रचनाकारों ने रोचक प्रस्तुतियां दीं

इंदौर. हिंदी काव्यशास्त्र में वर्णित मानव स्वभाव के नौ रसों की मनोहारी प्रस्तुतियाँ रचनाकार त्रिवेणी की सदस्यों ने दीं. अहिल्या लाइब्रेरी में अभिरस समूह द्वारा आयोजित कार्यक्रम नवरस अभिव्यक्ति में प्रत्येक रस को सरसता के साथ दर्शाया गया. इस अवसर पर अध्यक्ष मीनाक्षी पुराणिक ने कहा रचनाकारों का स्व सृजन साहित्य, कला, संस्कृति में नए आयाम पेश कर रहा है. सचिव तृप्ति भूतड़ा ने सदस्यों की सहभागिता की भावभीनी प्रशंसा की. अभिरस का विशेष संयोजन अभिरस समूह की ओर से निशा चतुर्वेदी, अचला गुप्ता, वंदना दुबे, नवनीत जैन, सुनीता अग्रवाल, प्रीति धीरज जैन, श्वेता त्रिवेदी, निरुपमा शर्मा ने विशेष संयोजन किया. संचालन शोभारानी तिवारी ने किया. आभार हिमांशु जैन ने माना।

जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियां जारी, विशेष फूल और पोषाक आएंगे

इंदौर. अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) की 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इस्कॉन मंदिर इंदौर द्वारा विभिन्न सेवा कार्यों की श्रृंखला चलाई जा रही है. गुरुकुलों के माध्यम से वैदिक एवं नैतिक शिक्षा, फूड फॉर लाइफ के तहत सबके लिए निशुल्क भोजन सेवा, समाज के पुनरुत्थान के लिए युवाओं में चरित्र निर्माण हेतु नशा मुक्ति अभियान, गौसेवा तथा आध्यात्मिक साहित्य वितरण के साथ ही संस्कार आधारित अनेक प्रकल्प चलाए जा रहे हैं. वहीं इंदौर में 19 जुलाई को श्री अन्नपूर्णा मंदिर से निकलने वाली रथ यात्रा में भारत के अलावा अन्य देशों से पधारे अनेक भक्त भी शामिल होंगे. इसकी तैयारियां जारी है.

इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष एवं उत्तर भारत के इस्कॉन ब्यूरो के वाइस चेयरमैन श्री महामन दास प्रभुजी ने बताया कि पूरे प्रदेश में इस्कॉन इंदौर के तत्वाधान में भगवान जगन्नाथ की 31 रथ यात्राओं का आयोजन गत 16 जुलाई से किया जा रहा है. 13 जुलाई को इस्कॉन की स्थापना के 60 वर्ष पूरे हो रहे हैं. 13 जुलाई 1966 को श्री कृष्णकृपा मूर्ति श्री अभय चरणारविन्द भक्ति वेदांत स्वामी प्रभुपाद ने न्यूयॉर्क में इस्कॉन का विधिवत पंजीयन कराकर इस आध्यात्मिक आन्दोलन की स्थापना की थी, अब वही दिव्य बीज पूरे विश्व में विशाल वटवृक्ष के रूप में कृष्ण भक्ति, भगवद गीता एवं श्रीमद भागवत के दिव्य संदेशो के प्रचार-प्रसार का सशक्त माध्यम बन गया है. श्री महामनदास ने बताया कि इंदौर में 19 जुलाई को अन्नपूर्णा मंदिर से दोपहर 1 बजे से प्रारम्भ होने वाली रथ यात्रा की जोरदार तैयारियां की जा रही है. रथ यात्रा संयोजक हरि अग्रवाल, किशोर गोयल, अशोक गोयल एवं सहसंयोजक भावेश दवे सहित सैकड़ों श्रद्धालु इस यात्रा की तैयारियों में जुटे हुए हैं. यात्रा में भगवान जगन्नाथ के रथ के लिए वृन्दावन से विशेष पोशाक, फूल एवं अन्य सामग्री आ रही है. यात्रा में देश-विदेश के अनेक संत और भक्त भी शामिल होकर भगवान जगन्नाथ की महिमा का गुणगान करेंगे. गत 12 जुलाई से इस्कॉन मंदिर इंदौर पर वृन्दावन धाम से आए सर्वसाक्षी प्रभु के श्रीमुख से जगन्नाथजी की कथा का आयोजन भी प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तक हो रहा है। यह क्रम 15 जुलाई तक चलेगा. इस्कॉन इंदौर द्वारा संचालित प्रहलाद संडे स्कूल के बालक-बालिकाओं द्वारा रविवार 26 जुलाई को मंदिर क्षेत्र में भगवान श्रीजगन्नाथ की अनूठी बाल रथ यात्रा निकाली जाएगी.

एक नजर में | **नाटक के रूप में जीवनी प्रस्तुत कर किया भाव-विभोर**

अपराजित वीर योद्धा बाजीराव पेशवा देशप्रेम की अद्भुत मिसाल

इंदौर. श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति, लिवा साहित्य सेवा समिति एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पत्रकारिता अध्ययनशाला की इस त्रिवेणी द्वारा आयोजित समिति सभागार में अपराजित वीर योद्धा बाजीराव पेशवा के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर नाटक के रुप में और उनकी जीवनी मंच से प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को भाव-विभोर कर दिया. उनमें राष्ट्र-प्रेम की भावना जागृत कर दी.

चन्द्रकांत भालेराव जिनकी कृति ''स्वयंसिद्ध श्रीमंत बाजीराव पेशवा हिन्दवी स्वराज विस्तारक'' का लोकार्पण भी समिति में किया गया था. उनके साथ श्री नील माधव भुसारी ने बाजीराव पेशवा के वीरतापूर्ण जीवन को मंच से प्रस्तुत किया। साथ ही लघु फिल्म भी दिखाई गई. जो अपना इतिहास भूल जाते है उनका भूगोल अपने आप बिगड़ जाता है. चन्द्रकांत भालेराव एवं श्री भुसारीजी ने बाजीराव पेशवा के जन्म से लेकर उनसे जुड़ी तमाम घटनाओं को अपनी वाणी से प्रस्तुत कर श्रोताओं के समक्ष देशप्रेम को जागृत किया. बाजीराव पेशवा का नारा था-व्यक्तिगत जीवन से बढ़कर समाज का जीवन होता है और देश-प्रेम से बढ़कर कोई प्रेम नहीं होता है. इन कथाकारों का स्वागत समिति के प्रधानमंत्री अरविन्द जवलेकर, संयोजक अश्विन खरे तथा डॉ. सोनाली नरगुन्दे के द्वारा किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के प्रमुख प्रचारक डॉ. मुकेश मोढ़ का भी स्वागत किया गया. संचालन प्रचार मंत्री हरेराम वाजपेयी ने किया. आभार डॉ. सोनाली नरगुन्दे के माना. इस अवसर पर सर्वश्री 'वीणा' के संपादक राकेश शर्मा के अलावा राजेश शर्मा, अरविंद ओझा, उमेश पारेख, राजेश शुक्ल, अनिल भोजे, मीनाक्षी स्वामी, घनश्याम यादव, पुष्पेन्द्र दुबे, डॉ. अनुराधा शर्मा, त्रिपुरारीलाल शर्मा, प्रदीप नवीन, त्रयम्बक चांदोरकर, श्री मोडक आदि काफी संख्या में सुधीजन, पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थी उपस्थित थे.

अध्यक्ष पद पर पांच उम्मीदवार आमने-सामने

इंदौर. श्री अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति के द्विवार्षिक चुनाव को लेकर 13 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच के बाद विभिन्न पदों के लिए वैध प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गई. मुख्य चुनाव अधिकारी गोपालदास अग्रवाल (मंडी बैंक) तथा सहायक चुनाव अधिकारी अरविंद अग्रवाल एवं मनीष खजांची की मौजूदगी में जांच प्रक्रिया पूरी की गई. 21 जुलाई को होने वाले चुनाव को लेकर अब समाज में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं.

सूची के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए विनेश बंसल, मदन अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, राजेंद्र गोयल एवं श्यामसुंदर गोयल मैदान में हैं. उपाध्यक्ष (पुरुष) पद के लिए दिनेश हंसल, हरिकिशन जिन्दल एवं विशाल अग्रवाल, जबकि उपाध्यक्ष महिला पद के लिए पिंकी अग्रवाल एवं शीतल गर्ग टोकीवाला चुनाव लड़ेंगी. महामंत्री पद के लिए नवीन बांगड़ी एवं भरत एरन, सहमंत्री पद के लिए अंकित अग्रवाल एवं के.के. गोयल, संयोजक पद के लिए धीरज गर्ग एवं राजेश अग्रवाल, सह-संयोजक पद के लिए नितिन अग्रवाल, विशाल अग्रवाल एवं रितेश कुमार मित्तल, जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए अजय अग्रवाल एवं प्रयोग गर्ग के बीच मुकाबला होगा. कार्यकारिणी (पुरुष) के लिए 27 तथा कार्यकारिणी (महिला) के लिए 7 प्रत्याशियों की सूची भी जारी की गई है. चुनाव अधिकारियों ने बताया कि वैध प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद अब चुनाव प्रक्रिया अगले चरण में प्रवेश कर गई है. 21 जुलाई को होने वाले मतदान को लेकर प्रत्याशियों और समाजजनों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है.